# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## सितम्बर 2023




नगर पालिक निगम भिलाई

# सघन बस्तियों के अंतिम छोर तक पेयजल पहुचाने चार पानी टंकी का निर्माण होगा

भिलाईनगर। निगम क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति के दबाव को कम करने महापौर परिषद ने लगभग 17 करोड़ की लागत से 4 नये पानी टंकी निर्माण करने की स्वीकृति प्रदान किया हैहास्पिटल सेंटर से लगी हुड़को मैदान में डाॅ. भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन निर्माण कार्य को पूर्ण किये जाने, निगम भिलाई के आय में वृद्धि करने हेतु 100 करोड़ का म्युनिसिपल बांड जारी करने आर.एफ.पी. आमंत्रित किये जाने, जोन-02 वैशालीनगर स्थित साक्षरता चौक का नाम परिवर्तन कर स्वामी आत्मानंद चौक करने, जोन-02 अंतर्गत गौरव पथ से आजाद चौक जाने वाले मार्ग के तिराहा का नाम माता बहादूर क्लारिन के नाम से किये जाने, महात्मा गांधी अर्बन इण्डस्ट्रीयल पार्क अर्बन आजीविका पार्क योजना के क्रियान्वयन के साथ ही युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, जोन-05 वार्ड 57, 58, 59, 60, 61, 62, 63, 64, 65, 66, 67, 68, 69, 70 के अंतर्गत सार्वजनिक मंच, सामुदायिक भवन, ग्राउण्ड, उद्यान का संधारण एवं प्रकाश व्यवस्था किये जाने, निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत 500 शीट शहरी महिला आजीविका केन्द्र के लिए सिलाई मशीन एवं अन्य सामग्री क्रय किये जाने, वार्ड 57 (पुराना) सेक्टर 06 सिविक में लाईट हाईमास्ट तथा ट्रेफिक पार्क का सौंदर्यीकरण किये जाने, वितरण पाईप लाईन बिछाने का कार्य एवं क्लीयर वाटर राइजिंग मेन पाईप लाईन बिछाने का कार्य की स्वीकृति महापौर परिषद ने प्रदान की है।



# निगम क्षेत्र में पशुओं का एनिमल टेगिंग शुरू किया गया

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के शहरी गौठान कोसा नगर तथा पशु आश्रय स्थल में रखे घुमन्तु मवेशियों का पशुधन पालन विभाग द्वारा एनिमल टेगिंग किया जा रहा है। निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में चल रहे रोका छेका संकल्प अभियान के तहत निगम के राजस्व अमले द्वारा सड़क तथा चौक चौराहों से पकड़कर गौठान में रखे गये 891 गाय, बैल एवं सांड का पशुधन विभाग द्वारा एनिमल टेगिंग का कार्य प्रारंभ किया गया है, शनिवार को शहरी गौठान कोसा नगर में रखे गये 416 गाय में से 100 का तथा डी-मार्ट के पास बनाये गये पशु आश्रय स्थल में रखे 475 सांड तथा बैल में से 100 पशुओं का टेगिंग किया गया है। आपको बता दे कि गत दिवस निगम सभागार में पशुपालकों की आयोजित बैठक में आयुक्त श्री व्यास ने पशुपालन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये थे कि भिलाई निगम क्षेत्र के सभी मवेशियों का एनिमल टेगिंग किया जाना है, जिसकी शुरूवात गौठान में रखे पशुओं से किया गया है। इसके पश्चात पशुपालन विभाग निगम क्षेत्र के सभी खटालों में पहुॅच कर मवेशियों का टेगिंग निःशुल्क करेगा।



# इंडियन स्वच्छता लीग में सफाई के प्रति जागरूकता अभियान
# भिलाई निगम द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन चलाया जा रहा है। इंडियन स्वच्छता लीग महापौर नीरज पाल द्वारा 16 सितंबर 2 अक्टूबर तक चलने वाले पखवाड़ा की शुरूआत किए इसके बाद विभिन्न आयोजनों के माध्यम से शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को लेकर महाअभियान चलाया जा रहा है। निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला गली मोहल्लों में रैली निकाल रहे है तो कहीं तो कहीं जनभागीदारी से चौक चौराहों की सफाई करा रहे है। कचरा पृथकीकरण एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक को बंद कराने सफाई कर्मी घर घर पहुंचकर जागरूक कर रहे है, साथ ही साथ शहर की सफाई व्यवस्था में जुटे सफाईकर्मियों के हित का ध्यान रखते हुए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर भी आयोजित कर रहे है।16 सितंबर से शुरू हुए इंडियन स्वच्छता लीग के अंतर्गत सफाई मित्र का भी ध्यान रखा जा रहा है। भिलाई निगम द्वारा इन्हें भी सुरक्षित रखने शिविर लगाकर सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच कर ईलाज कराया जा रहा है, साथ ही सभी सफाई मित्र का आयुष्मान कार्ड, सुरक्षा बीमा करवाने जैसे कार्य किए जा रहे है।



# पशुपालको को लगने वाला अर्थदण्ड अब महँगा पड़ेगा

भिलाईनगर/रोका छेका संकल्प अभियान के तहत सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र से सितम्बर माह में अब तक सड़क एवं शहर के विभिन्न क्षेत्रो से 328 घूमन्तू मवेशियों को पकड़कर कोसानगर शहरी गौठान तथा डी मार्ट के पशु आश्रय स्थल में रखा गया है।


आयुक्त रोहित व्यास ने भिलाई क्षेत्र में विशिष्ट जनो के आगमन को ध्यान में रखकर तथा पशुओं से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में रोक लगाने के लिए रोका छेका संकल्प अभियान लगातार चालने के निर्देश दिये है। अवकाश के दिनों में भी निगम का राजस्व अमला शहर के विभिन्न चौक चौराहो एवं सड़को में घूम कर घूमन्तू मवेशियों को पकड़कर गौठान में रख रहे है। सितम्बर माह में 328 पशुओं को पकड़ा गया है। इसके पूर्व 800 से अधिक मवेशियों को गौठान में रखा गया है। जिसका पशुपालन विभाग द्वारा एनिमल टेगिंग किया जा रहा है। इधर महापौर परिषद ने गौठानो से पशुओं को छूड़ाने के लिए  जाने वाले अर्थदण्ड में बढ़ौत्तरी करते हुए प्रथम बार 1000, द्वितीय बार 3000 एवं अंतिम बार 5000 रूपये का प्रस्ताव पारित किया है। इसके बाद भी पशु सड़क पर पाये जाते है, तो पशु मा ालिक के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोट पुलिस में दर्ज कराने का प्रावधान किया गया है। आप को बता दे मान. उच्च न्यायालय ने सड़क पर घुमने वाले पशुओं के घड़पकड़ की कार्यवाही को सक्ती से करने के निर्देश दिये है।



# मुख्यमंत्री करेगे निगम क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

भिलाईनगर/छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भिलाई में विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में भाग लेगें।

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन 4 खुर्सीपार अंतर्गत निर्मित बी.पी.ओ. सेंटर, इंडोर स्टेडियम खुर्सीपार का 3 बजे लोकार्पण करने के पश्चात नेहरू सांस्कृतिक भवन सेक्टर 01 में विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण तथा आभार सम्मेलन में भाग लेगें। इसके बाद मुख्यमंत्री नेहरू नगर चौक का सौंदर्यीकरण, पं. जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा का अनावरण तथा शहीद स्मृति का लोकार्पण कर शहीद परिवार को सम्मानित करेगें। जी.ई.रोड नेहरू नगर में निर्मित नेहरू तारा मण्डल का लोकार्पण भी मुख्यमंत्री करेगें। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री डाॅ. शिव कुमार डहरिया, भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, अंत्यावसायी सहकारी समिति के उपाध्यक्ष सुश्री नीता लोधी, क्रेडा सदस्य विजय साहू, महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, महापौर परिषद के सदस्य, पार्षद उपस्थित रहेगें।






# निगम क्षेत्र मे स्वच्छता ही सेवा पखवाडा का शुभारंभ

भिलाईनगर/स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत निगम के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित कर पखवाड़े की शुरूवात की गई, मुख्य आयोजन गुरूनानक सरोवर नेहरू नगर में किया गया। लोगों को जागरूक करने पावर हाउस मार्केट क्षेत्र में रैली निकाला गया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की शुरूवात करते हुए महापौर नीरज पाल ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन के अभिन्न कार्य है, शरीर स्वच्छ रहेगा तो मन स्वस्थ रहेगा। उसी प्रकार शहर स्वच्छ रहेगा तो नागरिक स्वस्थ रहेगें। शहर की हवा शुद्व रहेगी। नगर की स्वच्छता जन भागीदारी के बिना पुरा नहीं हो सकता। गुरूनानक सरोवर (भेलवा तालाब) नेहरू नगर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत महापौर नीरज पाल स्वास्थ प्रभारी लक्ष्मीपति राजू प्रभारी सदस्य चंद्रशेखर गंवई, नेहरू नगर के वरिष्ठ नागरिकों के साथ सरोवर के चारो ओर झाड़ू लगाकर किया तथा सफाई मित्रो के साथ रैली निकालकर लोगो को स्वच्छता कार्य से जोड़ने के लिए प्रेरित किये। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी परिपत्र के आधार पर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निगम क्षेत्र में 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आयोजित किये जाने जोन आयुक्तों को कहा है। इधर शहर के सबसे व्यवस्तम बाजार क्षेत्र पावर हाउस में सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने प्लास्टिक के विक्रय को बंद करने जनचेतना के लिए स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत जोन 03 के आयुक्त, जोन के सफाई टीम के साथ पुराना रोजगार कार्यालय पावर हाउस परिसर से रैली निकालकर जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, नंदनी रोड संत रविदास नगर लिंक रोड मार्केट का भ्रमण कर प्लास्टिक को प्रतिबंधित कर, पर्यावरण की रक्षा करने, सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, जागरूकता लाने नारे लगाते हुए रैली निकाला।



# बैक लाइन के अवैध कब्जे को किया बेदखल भिलाई निगम की कार्यवाही

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा करने वालों पर निगरानी करते हुए उनके विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है, आज जोन 04 शिवाजी मदर टेरेसा नगर क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम ने खुर्सीपार के शास्त्री नगर में अवैध कब्जा कर बैक लाईन में शौचालय में अतिरिक्त कमरे का निर्माण कर विकास कार्य को बाधित करने वाले विरूद्ध बेदखली की कार्यवाही की गई।

निगम क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसने निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारी कर्मचारियों की टीम बनाई है जो नियम विरूद्ध निर्माण एवं अतिक्रमण कार्य करने वालों की निगरानी करते हुए उनपर कार्यवाही कर रहे है।

जोन 04 के सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू ने बताया कि जोन आयुक्त के निर्देश पर वार्ड 50 शास्त्रीनगर में बीएसपी कर्मचारी आवास क्वाटर नं. 1/ए सड़क नं. 36 के बैक लाइन की रिक्त भूमि पर धनलक्ष्मी पति स्व. वेंकटश्वरलू द्वारा कब्जा कर शौचालय का निर्माण किया गया था जिसके कारण बैकलाईन निर्माण/विकास कार्य में बाधित हो रहा था जिसे स्वयं से हटाने जोन 04 के राजस्व विभाग द्वारा नोटिस दिया गया था किंतु उक्त महिला द्वारा बैकलाईन में किए गए कब्जे को नहीं हटाने के कारण गुरूवार को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में बेदखली की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान लोक कर्म विभाग के सहायक अभियंता अजय गौर, राजस्व विभाग का अमला, पुलिस बल, बीएसपी का तोड़फोड़ दस्ता सहित जोन 04 के कर्मचारी उपस्थित थे।



# युवाओं को लाभ कमाने मिला प्रशिक्षण

भिलाईनगर/ निगम द्वारा युवा बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने निगम सभागार में जेट कंपनी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कंपनी की ओर से आए प्रतिनिधियों ने बताया कि जेट पू◌र्णतः डिजिटल कंपनी जिसके द्वारा युवा बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है। जेट का विभिन्न बैंकों से संबंद्धता होने के कारण जेट कंपनी के मोबाइल एप्लीकेशन को डाउनलोड कर किसी भी बैंक का क्रेडिट कार्ड बनवाकर हर कार्ड पर आप निश्चित लाभ कमा सकते है। जिसका विभिन्न बैंकों में अलग अलग राशि निर्धारित है, क्रेडिट कार्ड बनाने व लोन की पूरी प्रक्रिया डिजिटल है। युवा बेरोजगार अथवा रोजगारवान अपने वर्तमान रोजगार के साथ  समय निकालकर ऋण हेतु इच्छुक ग्राहक से संपर्क कर क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लोन दिलवाने पर उसका लाभ मिलेगा। जेट से देशभर में एक लाख लोग जुड़कर लाभ अर्जित करते हुए अपने पैरो पर खड़े हुए है। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के नोडल अधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि राज्य शासन द्वारा युवा बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने के साथ अनेक ऐसे स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है जिससे उनका जीवन संवर सके। प्रशिक्षण में जय जैन, रीता चतुर्वेदी, शशिभूषण मोहंती, श्रीकुमार, मनीष कुमार, के साथ एनयूएलएम के हितग्राही तथा बेरोजगार युवा उपस्थित थे।



# आवास प्राप्त करने के लिए जमा करे 10 प्रतिशत अंशदान की राशि

भिलाईनगर/ प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कर लाॅटरी में भाग लेने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो रहा है। मकानों की निर्धारित संख्या को देखते हुए हितग्राही अंशदान की राशि तत्काल जमा कर अपना स्थान सुनिश्चित करा लेवे। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी मोर मकान मोर आस घटक के तहत सूर्या विहार के पीछे, खमरिया, भिलाई, अविनाश मेट्रोपाॅलिश, जुनवानी कोहका, कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे खम्हरिया, एनार स्टेट खम्हरिया, आम्रपाली वनांचल सिटी हाउसिंग बोर्ड, रजत बिल्डर्स, शांतिनगर कोहका एवं स्वप्रिल बिल्डर्स कुरूद में निर्माणाधीन आवासों के आबंटन हेतु किराएदारी के रूप में निवासरत बेघर परिवारों के द्वारा आवास आबंटन के लिए विगत 30 जून तक आवेदन जमा किया गया था। पात्र आवेदको को सूचना तामिल किया गया है कि सात दिवस के भीतर आवास आबंटन के कुल राशि का अंशदान राशि 10 प्रतिशत जमा करे ताकि आवास आबंटन हेतु लॉटरी में आपका नाम शामिल किया जा सके। अंशदान की राशि जमा करने के लिए सूचना तामिल होने के सात दिवस का अवसर दिया जा रहा लॉटरी में शामिल होने हेतु आवेदक को अंशदान की राशि जमा करना अनिवार्य होगा। गौरतलब है कि निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर आवास आबंटन की प्रक्रिया में तीव्रता से काम किया जा रहा है।



# उपस्थिति को लेकर अपर आयुक्त का औचक निरीक्षण

भिलाईनगर/निगम के कार्यो में कसावट लाने अपर आयुक्त ने निगम के विभिन्न विभागों का आकस्मिक निरीक्षण कर विभागों में अधिकारी एवं कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति की जांच किये और अनुपस्थित के विरूद्ध एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये है

आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम के सुपेला मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालय में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को कार्यालयीन समय 10 बजे उपस्थिति की अनिवार्यता को देखने अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी मुख्य कार्यालय के सभी विभागों में शुक्रवार को आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे तो कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। श्री द्विवेदी सबसे पहले जनगणना, महिला बाल विकास, स्टोनो कक्ष, अधीक्षण अभियंता कक्ष होते हुए निगम के सभी 28 कक्षो का निरीक्षण कर उपस्थिति तथा अनुपस्थिति अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जांच किए। उसी प्रकार जोन कार्यालय में भी अधिकारी एवं कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति की जांच की गई है। स्थापना शाखा द्वारा आॅनलाईन निष्ठा एप्प में दर्ज अवकाश तथा अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों की जानकारी तैयार की जा रही है।



**Editorial Board**

श्री रोहित व्यास
भा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री शरद दुबे
प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई

# 04 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई

भिलाईनगर । 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम के 04 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शाल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान कार्य एवं अनुभव को साझा करते हुए सभी को सामंजस्य बनाकर कार्य करने के लिए प्रेरित किए। 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम भिलाई के श्री तीरथ राम यादव आ0 श्री कंगलू राम यादव पम्प सहायक, श्री सुदामा प्रसाद सोनी आ0 स्व0 लोचन प्रसाद सोनी चैकीदार, श्री पुरूषोत्तम चन्द्राकर आ0 स्व0 मगन लाल चन्द्राकर हेल्पर, श्री इंदल आ0 श्री भुनेश्वर सफाई कामगार सहित 04 कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर बिदाई दी गई।




**Editorial Board**

श्री रोहित व्यास
भा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री शरद दुबे
प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई